नवविवाहिता की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

शिक्षक ने दो माह पहले रचाई थी दूसरी शादी

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 फरवरी, रीवा में शादी के महज 2 माह बाद ही नवविवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला प्रकाश में आया है. नवब्याहता के मौत की खबर मिलते ही उसके ससुराल पहुंचे परिजनों ने ना सिर्फ जमकर हंगामा किया बल्कि दहेज के लिये प्रताडित करने और दहेज के लिये हत्या करने का आरोप लगाया है. परिजन पीएम के लिये तैयार नही थे, किसी तरह समझाइश के बाद तैयार हुए.

मृतका के पिता नें सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि पति सहित ससुराल जनों द्वारा दहेज के नाम पर 5 लाख रूपयों की मांग की जा रही थी और मांग पूरी ना होने पर उसकी हत्या कर दी गई है. फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे है और आक्रोशित परिजनों को समझाइस दी. जिले के लालगांव चौकी क्षेत्र ग्राम खैरा के शासकीय शिक्षक दिलीप मिश्र का दो माह पूर्व ही 22 नवम्बर को अतरैला थाना क्षेत्र लूक निवासी रामरहीश पाठक की पुत्री प्रिया से विवाह सम्पन्न हुआ था. बताया गया कि शिक्षक दिलीप मिश्रा पूर्व से ही शादी शुदा था, लेकिन उसने पहली पत्नी से अलग होकर प्रिया से दूसरा विवाह रचाया था. शुक्रवार की देर शाम प्रिया की ससुराल में ही हुई मौत की खबर सुन परिजन खैरा गांव पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुये जमकर हंगामा किया. मृतक नवविवाहिता प्रिया के पिता रामरहीश नें बताया कि 22 नवम्बर को विवाह करने के बाद जब उनकी पुत्री शादी के बाद पहली बार मायके आई थी तो उसके द्वारा पति सहित ससुरालजनों के द्वारा प्रताडित करने की बात कही थी. आरोप है कि पति और उसके ससुरालजनों द्वारा शासकीय नौकरी का रसूक दिखाकर 5 लाख रूपयों की मांग की थी, और उनकी मांग पूरी ना होने पर उनके पुत्री की हत्या कर दी गई. परिजनो के मुताबिक उनकी बेटी के साथ पति मारपीट करता था और कुछ दिन पहले ही मायके से बेटी ससुराल पहुंची थी, जांच की मांग की है. सूचना पर पुलिस के साथ साथ नायब तहसीलदार बिंदु तिवारी भी मौके पर पहुंची है जिनके द्वारा पीएम रिपोर्ट आने के बाद न्याय उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया है.

किसानों की सहमति से जमीन की जाएगी अधिग्रहीत : शुक्ल

उप मुख्यमंत्री ने गुरूकुल विद्यालय से खैरा तक सड़क चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा की, कल और 10 को लगेगा किसानों का शिविर

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 फरवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुरूकुल विद्यालय से खैरा तक सड़क के चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सड़क रीवा एयरपोर्ट को सिलपरा-बेला रिंग रोड से जोड़ेगी. सड़क चौड़ीकरण में आने वाली जमीनों के लिए चोरहटा, रघुनाथपुर व खैरा गांव के किसानों ने अपनी सहमति दी है.

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे को जोड़ने वाली सड़क के बन जाने से किसानों की शेष जमीनों का भी मूल्य बढ़ेगा. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में किसानों ने कहा कि हम सब रीवा के विकास में उप मुख्यमंत्री जी के साथ हैं. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आपसी सहमति से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया कम से कम समय में पूरी हो जाएगी और किसानों को उनकी अधिग्रहीत जमीन का उचित मुआवजा भी शीघ्र मिल जाएगा. उन्होंने लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर अतिशीघ्र प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिए.

श्री शुक्ल ने कहा कि सिलपरा-बेला रिंग रोड निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है. आगामी अप्रैल माह में इसका लोकार्पण हो जाएगा. रिंग रोड के लोकार्पण से पूर्व ही गुरूकुल से खैरा होकर बनने वाली सड़क का चौड़ीकरण कार्य भी पूरा करा लिया जाएगा. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि 9 एवं 10 फरवरी को शिविर आयोजित कर किसानों से सहमति पत्र लेकर प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं ताकि शीघ्र ही जमीन का अधिग्रहण किया जाकर नियत समय में चौड़ीकरण कार्य किया जा सके. बैठक में ढेकहा तिराहा के चौड़ीकरण तथा एयरपोर्ट विस्तार कार्य पर भी चर्चा की गई. उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर के उत्तरी छोर में निर्माणाधीन चोरहटा-रतहरा बायपास के सिक्स लेन चौड़ीकरण मार्ग की भी समीक्षा की. उन्होंने कहा कि रीवा का संभागीय मुख्यालय प्रदेश का पहला संभागीय मुख्यालय होगा जहाँ आगामी माह में शहर के चारों तरफ बायपास या रिंगरोड का निर्माण हो जाएगा. बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा संबंधित गांवों के किसान उपस्थित रहे.

चोरहटा के किसानों की जा चुकी है पहले भी जमीन

चोरहटा के किसानो की भूमि पहले भी जा चुकी है, हवाई पट्टी का निर्माण जब आज से वर्षो पूर्व हुआ था तब किसानो की जमीन ली गई थी. उसके बाद एयरपोर्ट निर्माण के लिये भी किसानो की जमीन ली गई और अब एयरपोर्ट का विस्तार होगा तो उसके लिये भी चोरहटा के किसानो की भूमि ली जाएगी. सड़क चौड़ीकरण के लिये भूमि अभी ली जा रही है.

फाइलेरिया से बचाव के लिए चलेगा अभियान

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 7 फरवरी, मऊगंज जिले के हनुमना ब्लॉक में फाइलेरिया (हाथीपांव) से बचाव के लिए 10 से 24 फरवरी तक सामूहित दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा.

अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं व्यापक जनजागरूकता के लिए जिला स्तरीय मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला का आयोजन जिला अस्पताल रीवा में किया गया. कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने मीडिया कर्मियों को जानकारी दी कि अभियान के दौरान ब्लॉक के समस्त लक्षित पात्र जनसंख्या को फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी सौ एमजी की गोली एवं चार सौ एमजी गोली का सेवन उम्र के अनुसार कराया जाएगा. पाँच वर्ष से ऊपर के लोगों को आइवरमैक्टीन दवा की एक खुराक ऊंचाई के अनुसार दी जाएगी.

दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अति वृद्ध अथवा गंभीर बीमारी वाले व्यक्तियों को दवा का सेवन नहीं कराया जाएगा. दवाओं का सेवन प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा कराया जाएगा. उन्होंने मीडिया कर्मियों से फाइलेरिया अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के सहयोग के लिए अनुरोध किया. सीएमएचओ ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाला एक परजीवी रोग है. अभियान के दौरान 10 और 13 फरवरी को चिन्हित बूथों पर एवं 14 से 24 फरवरी तक घर-घर जाकर दवा खिलाएगे.

रीवा-गोविंदगढ़ मार्ग में दो कारों की टक्कर

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 फरवरी, गोविंदगढ़ मार्ग में दो कारों की भीषण टक्कर हुई है. हादसा अमिलकी गांव के समीप होना बताया जा रहा है, जिस दौरान कार में सवार लोग मामूली रूप से घायल हुए है.

बताया जा रहा है कि यह हादसा वाहनों को ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ है, जिस दौरान दोनों कारे आपस में जा टकराई है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमिलकी के समीप आज दोपहर दो कारों के बीच टक्कर हो. हादसे के दौरान एक ओर जहां आपस में टकराई कारों के परखच्चे उड़ गए, तो वही कर में सवार लोग बाल-बाल बच गए. प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो दोनों कारों में 4-4 लोग सवार थे, जो मामूली रूप से घायल हुए हैं.

संक्षिप्त

परीक्षा सामग्री का हुआ वितरण

रीवा, मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा आयोजित होने वाली 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं को लेकर तैयारी अंतिम चरण पर है. 10 फरवरी से आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल के लिए 29653 और हायर सेकेंडरी के लिए 24168 छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं. रीवा और मऊगंज जिले में कुल 94 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें से 13 अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र चिन्हित है इन पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी. रीवा शहरी क्षेत्र में निपानिया हाई स्कूल एवं ज्ञानोदय हाई स्कूल को भी अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है आज शहरी क्षेत्र की परीक्षा सामग्री वितरित होने के बाद इन्हें सुरक्षित संबंधित थानों में रखने के बाद 10 तारीख को परीक्षा केंद्र रवाना किया जाएगा.

मातृ पितृ पूजन दिवस मनाएं

रीवा, श्री योग वेदान्त सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को मातृ-पितृ पूजन का आयोजन रखा गया. मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम बाल संस्कार केंद्र मे मनाया जायेगा. 8 फरवरी को समय- दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक अमृतवेला हॉल कवर नगर (तोपखाना) सभी आकर लाभ लें. 14 फरवरी मातृ पितृ दिवस का आयोजन प्रातः 10 बजे शास्त्री नगर सिंधी धर्मशाला मे रहेगा. 19 वर्षो से लगातार 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाने का अभियान चलाया जा रहा है. बच्चों का माता पिता एवं गुरूजनों के प्रति आदर भाव व सम्मान से समाज में सुख, शांति व समृध्दि आयेगी. सत्संग भवन, सिंधी धर्मशाला शास्त्री नगर अमहिया में सुबह 11 बजे से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनायें.

कमेटी गठन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष ने ली बैठक

रीवा, संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सिरमौर, त्योंथर और सेमरिया के ब्लॉक अध्यक्षों तथा मण्डलम् अध्यक्षों की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता मे उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय मे सम्पन्न हुई. विधानसभावार संगठन को सुदृढ करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत और वार्डवार कमेटियों के गठन को लेकर श्री शर्मा ने कहा कि लोकसभा मे विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी हरीश चैधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जी ग्राम पंचायत और नगरों मे वार्डवार कमेटियों का गठन कर संगठन को सुदृढ करना चाहते हैं. इस कार्य मे संबंधित विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष और मण्डलम अध्यक्ष की महती भूमिका हैं. जब तक हमारा संगठन ग्राम पंचायतो एवं वार्डो मे स्थापित नही होगा तब तक हमारा संगठन अधूरा हैं. इसलिए प्रत्येक ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी है कि वह संबंधित मण्डलम अध्यक्ष जिसके अधीन जो भी ग्राम पंचायत या नगर परिषद के वार्ड है वहां स्वतः उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करें. इन कमेटियो मे निष्ठावान कार्यकर्ताओं को ही स्थान देना है सभी ब्लाक अध्यक्ष सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत और वार्ड मे कांग्रेस जनों को एकत्रित कर एक अध्यक्ष का सर्वसम्मति से चुनाव करें तथा उनकी सहमति से प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी फारमेट के अनुसार कमेटी का गठन करें.

समग्र भारत के चतुर्दिक विकास का बजट प्रस्तुत किया गया है : जनार्दन

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 फरवरी, रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा शनिवार को मऊगंज में केंद्रीय बजट-2026 को लेकर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समग्र भारत के चतुर्दिक विकास का बजट प्रस्तुत किया है.

केंद्रीय बजट 2026 देश की जनता के प्रति सरकार के कर्तव्यों को पूरा करने वाला डॉक्यूमेंट है. प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 240 कल्याणकारी योजनाओं के साथ केंद्र सरकार देश की 145 करोड़ जनता के हितों के लिए कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि आजाद भारत के बाद यह पहला बजट है जब कर्तव्य भवन में बैठकर तीन कर्तव्यों वाला बजट बनाया गया है. सांसद ने सवालों के जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की उनकी परिकल्पना से हमारा देश आज विश्व के सबसे बड़े और विकसित देशों का विकास के मामले में सीधा मुकाबला कर रहा है.

उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में भारत का बजट 16.65 लाख करोड़ का प्रस्तुत किया गया था. वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने 17.95 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत किया. इस साल 53 लाख 50 हजार करोड़ का बजट केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया है. यह बजट राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा.

रीवा सांसद ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बताई चार जातियों गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग, उद्यमियों और हर वर्ग के कल्याण व शक्तिकरण के लिए प्रावधान किए गए हैं. यह सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी बजट है.

शिक्षा और समाज में वर्ग विभाजन लोकतंत्र के लिए घातक : अनिल

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 फरवरी, रीवा के मानस भवन में सपाक्स पार्टी ने सामान्य वर्ग के अधिकारों को लेकर सामाजिक समरसता एवं सदभाव सम्मेलन किया. कार्यक्रम में यूजीसी कानून और तुष्टीकरण की राजनीति के खिलाफ आवाज उठाई गई.

इस दौरान ग्वालियर हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे. वक्ताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान राजनीति वोट बैंक के लिए समाज को बांट रही है, जिसका सबसे ज्यादा नुकसान सामान्य वर्ग को उठाना पड़ रहा है. वही वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मिश्रा ने कहा शिक्षा और समाज में वर्ग विभाजन लोकतंत्र के लिये घातक है. सामान्य वर्ग के अधिकारो की लड़ाई अब कानूनी और सामाजिक दोनो स्तर पर लड़ी जाएगी. अब तुष्टिकरण की राजनीति नही चलेगी. सामान्य वर्ग अपने हक के लिये सड़क से अदालत तक संघर्ष करेगा. सपाक्स पार्टी के नेताओं ने कहा कि यूजीसी जैसे कानूनों के जरिए शिक्षा के क्षेत्र में भी वर्ग विभाजन को बढ़ावा दिया जा रहा है.

बच्चों के भविष्य को जातियों में बांटने का प्रयास हो रहा है, जो बेहद चिंताजनक है. इसी मुद्दे पर कानूनी पक्ष रखने और आंदोलन को मजबूती देने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मिश्रा को आमंत्रित किया गया था. कार्यक्रम को सामाजिक समरसता एवं सद्भाव का नाम दिया गया. पार्टी का कहना है कि आंदोलन में ब्राम्हण, क्षेत्रीय, वैश्य सहित सभी सामान्य वर्ग के संगठन एक मंच पर आएगे. वक्ताओं ने कहा कि अब सामान्य वर्ग के हितो की रक्षा के लिये बड़े और संगठित आंदोलन की जरूरत है. सद्भाव सम्मेलन प्रबुद्धजन, अधिवक्ता एवं सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों से लेकर समाज के लोग मौजूद रहे.

जमीन विवाद में पति-पत्नी और पुत्र के साथ मारपीट

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 फरवरी, सेमरिया में जमीनी विवाद के चलते पति पत्नी और पुत्र के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है.

मारपीट में घायल हुए शख्स ने ग्राम पंचायत के सरपंच सहित अन्य लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है. घायल का आरोप है कि सरपंच द्वारा उसकी निजी भूमि में जबरन बोर कराया जा रहा था जिसका विरोध करने पर मारपीट की गई. दरअसल घटना शनिवार की सुबह सेमरिया थाना के ग्राम पंचायत मटीमा की बताई गई.

ग्राम मटीमा निवासी चिंतामणि सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव के सरपंच सहित अन्य लोगों के द्वारा उसकी जमीन पर जबरन सार्वजनिक बोर कराया जा रहा था. पीड़ित ने बताया कि विरोध करने पर सरपंच सहित अन्य लोगों ने मिलकर ना सिर्फ उसके साथ मारपीट की, बल्कि उसकी पत्नी और पुत्र को भी बेरहमी से पीटा गया. पीड़ित की पत्नी को गंभीर चोटें आई है.

परमहंस सच्चिदानंद के निधन पर सांसद ने जताया दु:ख

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 फरवरी, सांसद जनार्दन मिश्रा ने धारकुंडी आश्रम के संस्थापक, स्वामी परमहंस सच्चिदानंद महाराज के देवलोक गमन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी परमहंस सच्चिदानंद जी महाराज का अवसान धर्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है.

स्वामी जी का जन जन से सामाजिक सरोकार था. श्री मिश्र ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल अनुयायियों एवं श्रद्धालुओं को यह असहनीय दु:ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है. कमलेश्वर सिंह, रमेश गर्ग, नारायण मिश्रा, योगेंद्र शुक्ला, उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम, राजेंद्र त्रिपाठी, प्रमोद व्यास, जय राम अग्निहोत्री, युवराज त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी, अरुण तिवारी, दीपक सिंह, शेषमणि पांडे, जितेंद्र सिंह, अमरेश पांडे, अरुणेंद्र पटेल सहित भाजपा नेताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है.

महसांव सब स्टेशन में पांच की जगह लगा दस एमवीए का ट्रांसफॉर्मर

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 फरवरी, जिले के विद्युत वितरण केंद्र गुढ़ अंतर्गत सब स्टेशन महसांव में 10 एमबीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया.

क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगी. इससे पहले उपकेंद्र पर 5 एमबीए क्षमता का ट्रांसफार्मर कार्यरत था जो लंबे समय से ओवरलोड की स्थिति में चल रहा था. बढ़ते विद्युत लोड के कारण उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली कटौती लो वोल्टेज और फाल्ट की समस्याओं का सामना करना पड़ता था. 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर स्थापित होने से अब लोड संतुलन बेहतर होगा और क्षेत्र के लोगों को निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी. महसांव उपकेंद्र से लगभग सैकड़ो गांव जुड़े हुए हैं ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से वोल्टेज की समस्या में कमी आएगी तथा फाल्ट की घटनाएं भी घटने की उम्मीद है. इससे करीब 15000 उपभोक्ताओं को विशेष लाभ मिलेगा. यह महत्वपूर्ण कार्य अधीक्षण अभियंता बी.के. शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. कार्य के दौरान कार्यपालन अभियंता सुशील यादव,नरेंद्र मिश्रा, सहायक अभियंता ज्ञानेंद्र सिंह,अंशुल नारायण शर्मा कनिष्ठ अभियंता रमाशंकर पाठक आउटसोर्स कर्मचारी अजय तिवारी बाबूलाल साकेत सहित पूरी तकनीकी टीम मौके पर मुस्तैद रही.

न्यूनतम तापमान स्थिर, दिन के तापमान में दो डिग्री का उछाल

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 फरवरी, जिले में इस बार कड़ाके की ठंड पड़ी, फरवरी के महीने में ओस कोहरे के साथ ठंड पड़ रही है.

न्यूनतम तापमान 7 डिग्री में जहा स्थिर है वही 24 घंटे के अंदर दिन के अधिकतम तापमान में दो डिग्री का उछाल आया है. अन्य दिनो के अपेक्षा शनिवार को तेज धूप रही और अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री दर्ज किया गया. जबकि ठंड हवाओ के चलते गलन भरी ठंड बनी रही. जिले में इस बार नवम्बर के महीने से ही ठंड शुरू हो गई थी और अभी भी ठंड कम होने का नाम नही ले रही है. इस समय रात में अच्छी ठंड हो रही है और सुबह ओस के साथ कोहरा रहता है. जबकि दिन में अच्छी खासी धूप रहती है. धूप के बाद भी गलन भरी ठंड कम नही हो रही है जिसके कारण दोपहर की धूप अच्छी लग रही है. जिस तरह इस समय का मौसम है वह फसलो के लिये बेहद लाभदायक है. दलहन और तिलहन फसल में फूल के साथ दाने लग रहे है जबकि गेंहू की फसल अभी पीछे है. कई जगह गेंहू में बाली आ चुकी है लेकिन जिले के कुछ हिस्सो में जनवरी तक बोनी हुई है जिसके कारण गेंहू की फसल लेट है. किसानो का मानना है कि जिस तरह से अभी मौसम है वह गेंहू के लिये बेहद लाभदायक है और अभी इस माह इसी तरह ठंड पड़ेगी. जिस तरह से इस बार ठंड का असर है उससे लग रहा है कि होली तक ठंड का असर कम नही होगा. इस बार ठंड के मौसम में झमाझम बारिश नही हुई नही तो हर वर्ष ठंड के समय बारिश होती थी. हालाकि बूंदाबांदी हुई थी जिससे कोई खास फायदा नही हुआ. इसस पहले भी 2016 में इसी तरह कड़ाके की ठंड पड़ी थी और फरवरी के महीने में तापमान 5 से 7 डिग्री के बीच में था. ठीक 8 साल बाद उसी तरह की ठंड इस बार भी पड़ रही है. एक सप्ताह बाद दिन की ठंड से कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद है.

जनगणना समन्वय समिति की बैठक कल

रीवा, 7 फरवरी, कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक 9 फरवरी को आयोजित की जायेगी. बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी. इसके बाद समन्वय समिति की बैठक शुरू होगी. बैठक में समिति के सभी सदस्यों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.